# करारी हार के बाद पार्टी के भीतर छिड़ी जंग

### परिवार में घमासान से राबड़ी आवास खाली



**पटना, 16 नवंबर.** बिहार की राजनीति इन दिनों उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है. करारी हार के बाद पार्टी के भीतर छिड़ी कलह अब खुलकर सामने आ चुकी है और निशाने पर हैं तेजस्वी यादव के सबसे विश्वस्त माने जाने वाले संजय यादव. लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य द्वारा एयरपोर्ट पर दिया गया बयान राजनीतिक गलियारों में सनसनी बन गया है. रोहिणी ने न सिर्फ संजय पर परिवार तोड़ने का आरोप लगाया, बल्कि राजनीति छोड़ने और परिवार से दूरी बनाने का भी ऐलान कर दिया. यह हमला अचानक नहीं हुआ. तेज प्रताप यादव पहले से ही संजय को पार्टी में फूट की वजह बताते आए हैं. आरजेडी की सिर्फ 25 सीटों पर सिमटने की बड़ी हार ने इन आरोपों को और हवा दे दी है. सूत्रों का दावा है कि टिकट बंटवारे में संजय की भूमिका को लेकर कई नेता महीनों से नाराज थे.

### तेज प्रताप बोले- रोहिणी पर चप्पल उठाना असहनीय

बिहार के राजद परिवार में भाई-बहन के बीच विवाद ने नई उंगलियां उठाई हैं.



लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव ने अपनी बहन रोहिणी आचार्य के परिवार पर लगाए गए सनसनीखेज आरोपों पर कड़ा रुख अपनाया है. चुनावों में पार्टी की करारी हार के बाद रोहिणी ने अपने परिवार से नाता तोड़ लिया था और आरोप लगाए कि उन्हें मारने के लिए चप्पल तक उठाई गई. तेज प्रताप ने इस घटना को परिवार और बिहार की गरिमा पर हमला बताया.

> लालू परिवार में मचे घमासान के बाद लालू प्रसाद की तीन बेटी पटना से रवाना हो गई हैं. अपने परिवार और बच्चों के साथ रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव दिल्ली रवाना हुई. आपको बता दें कि लालू परिवार में इस समय भयंकर घमासान मचा हुआ है. उनकी बेटी रोहिणी परिजनों द्वारा उनका अपमान किए जाने की बात कही है. उन्होंने पार्टी छोड़ दिया है. तेज प्रताप यादव को लालू यादव ने पहले ही पार्टी और परिवार से निकाल दिया था. उन्होंने संजय यादव और रमीज पर दबाव डालने का आरोप लगाया. साथ ही एक्स पोस्ट के जरिए तेजस्वी यादव पर भी गंभीर आरोप लगाए. बहन रोहिणी का दर्द देख तेज प्रताप भी भड़क उठे थे. रोहिणी आचार्य दिल्ली से सिंगापुर के किए रवाना हुई. सिंगापुर जाने से पहले रोहिणी मीडिया से रूबरू हुई. इस दौरान वह काफी भावुक दिखाई दे रही थी. उन्होंने कहा कि संजय यादव, रीचल यादव से पूछिए - तेजस्वी ने मेरे साथ गलत व्यवहार किया. उन्होंने चप्पल उठाने की बात को भी सही बताया. रोहिणी ने कहा कि जिस समय ये सब हो रहा था, उस समय मेरे माता-पिता रो रहे थे. बता दें कि रोहिणी ने रविवार को दो बार ट्वीट करने अपनी पीड़ा को बयां किया था. सिमें उन्होनें कहा था कि कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं. और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी.

## चीन ने सागर में तनाव को और बढ़ाने से बचने का किया आग्रह

**बीजिंग, 16 नवंबर.** चीन ने फिलीपींस से 'उकसाने वाली कार्रवाइयों' को रोकने और दक्षिण चीन सागर में तनाव को और बढ़ाने से बचने का आग्रह किया है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की दक्षिणी थिएटर कमान के प्रवक्ता तियान जुनली ने रविवार को यह जानकारी साझा की. रक्षा मंत्रालय ने श्री तियान के हवाले से कहा, 'फिलीपींस तथाकथित 'संयुक्त गश्त' आयोजित करने में बाहरी ताकतों को शामिल करना जारी रखे हुए है, जिससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंच रहा है. हम फिलीपींस को कड़ी चेतावनी देते हैं कि वह उकसावे वाली घटनाएं और इस स्थिति को बढ़ाना तुरंत बंद करे.

## अल-फलाह यूनिवर्सिटी से आतंकी मॉड्यूल चलाने की तैयारी

### डॉ. शाहीन 10 साल से जैश से जुड़ी-दिल्ली धमाके में खुलासा

### नौकरी छोड़कर बोली कौम का कर्ज उतारना है



**नई दिल्ली, 16 नवबंर. दिल्ली के सुभाष मार्ग पर 10 नवंबर को हुए भीषण धमाके में 13 लोगों की मौत और 20 से अधिक घायलों का इलाज अभी जारी है. लेकिन इस विस्फोट की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, आतंकी साजिश की परतें चौंकाने वाले खुलासे कर रही हैं.**

सबसे बड़ा खुलासा यह कि इस ब्लास्ट की प्लानिंग किसी हार्डकोर आतंकी ने नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे मेडिकल प्रोफेशनल्स की एक तिकड़ी ने की जिनमें लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद, फरीदाबाद के डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल शामिल हैं. अधिकारियों के मुताबिक, शाहीन पिछले 10 साल से पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी हुई थी और 2015 में इस नेटवर्क में शामिल हुई थी. 2021 में जब परिवार वालों ने उससे नौकरी और घर छोड़ने की वजह पूछी, तो उसने जवाब दिया- अपने लिए बहुत जी लिए, अब कौम का कर्ज उतारना है. जांच एजेंसियों ने तीनों आरोपियों को हवाला नेटवर्क के जरिए मिले 20 लाख रुपये के फंड ट्रेल का भी पता लगाया है. दिल्ली से लेकर फरीदाबाद और यूपी तक टीम लगातार छापेमारी कर रही है. यह मामला बताता है कि आतंकवाद अब नई शक्ल में अपने पैर फैला रहा है—जहां हथियार की जगह पढ़े-लिखे प्रोफेशनल्स को मोहरा बनाया जा रहा है. दिल्ली के सुभाष मार्ग सिग्नल पर हुए ब्लास्ट की जांच लगातार गहराती जा रही है.

### शाहीन 2015 से ही जैश-ए-मोहम्मद से संपर्क में थी

डॉ. उमर, डॉ. मुजम्मिल और लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद. ये तीनों फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में काम करते थे, जहां से इन्होंने अपने नेटवर्क को मजबूत किया. जैश के वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि शाहीन 2015 से ही जैश-ए-मोहम्मद से संपर्क में थी. उसकी कट्टरपंथ की जड़ें इतनी गहरी थीं कि 2021 में उसने पति, बच्चे और नौकरी तक छोड़ दी. जब एक रिश्तेदार ने इसका कारण पूछा, तो उसका जवाब था-परिवार और नौकरी में क्या रखा है. अब कौम का कर्ज उतारने का समय है. यह बयान जांच एजेंसियों को दिखाता है कि किस तरह ब्रेनवॉश कर मेडिकल प्रोफेशनल्स को आतंकी गतिविधियों में धकेला जा रहा है.

## कफ सिरप केस में 28 लोगों के खिलाफ केस

**वाराणसी.** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप प्रकरण में शनिवार को अंतर्राज्यीय गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला जायसवाल सहित 28 कारोबारियों के खिलाफ कोतवाली में मामले दर्ज किए गए है. गाजियाबाद पुलिस द्वारा कुछ दिनों पहले प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर बड़े ड्रग रैकेट का खुलासा किया गया था. इस मामले के तार जुड़ते हुए मुख्य आरोपी मैदागिन निवासी शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद तक पहुंचे हैं. इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की जांच में पाया गया कि करोड़ों रुपये की प्रतिबंधित कफ सिरप बेची और खरीदी गई.

## युवाओं को सशक्त बनाने की पहल

### वेकोलि ने प्रोजेक्ट संदीप का शुभारंभ किया



**नागपुर, 16 नवबंर. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) द्वारा अपने संचालन क्षेत्रों के युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों तथा अन्य वर्दीधारी सेवाओं में भर्ती की तैयारी हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से सीएसआर पहल 'प्रोजेक्ट संदीप' का शुभारंभ किया है.**

14 नवम्बर को वेकोलि मुख्यालय, नागपुर स्थित संस्कृतिक भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह में श्री जे. पी. द्विवेदी, सीएमडी, वेकोलि ने 'प्रोजेक्ट संदीप' का उद्घाटन किया. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक तकनीकी, डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (मानव संसाधन), वेकोलि, एयर वाइस मार्शल श्री विजय वानखेड़े, कर्नल श्री अंशित श्रीवास्तव, निदेशक भर्ती, भारतीय सेना तथा श्री ऋषिकेश सोनवणे, पुलिस अधीक्षक, सीबीआई, नागपुर की उपस्थिति रही. प्रोजेक्ट संदीप का नाम, अशोक चक्र प्रदत्त, शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के नाम से प्रेरित है. अत: उद्घाटन समारोह की शुरुआत शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित कर हुई. कार्यक्रम में उनके माता-पिता, श्री के. उन्नीकृष्णन और श्रीमती धनलक्ष्मी उन्नीकृष्णन ने रिकार्डेड संदेश के माध्यम से नव-चयनित संदीप कैडेट्स को आशीर्वचन एवं प्रेरणादायी संदेश दिया.

## अपराधिक लोगों को टिकट देने से रोकना क्या गलत है

- बीजेपी से निष्कासित होने के बाद पहला रिएक्शन



**पटना, 16 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की शानदार जीत के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्काषित कर दिया था.**

नोटिस मिलने के तुरंत बाद आर के सिंह ने बीजेपी छोड़ दी. अब उन्होंने इस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पर रहने का कोई फायदा नहीं है जहां लोग परेशान हैं. आरके सिंह ने चिट्ठी में लिखा कि मैं बिहार बीजेपी से पूछ रहा हूं कि वे किस पार्टी विरोधी गतिविधियों की बात कर रहे हैं. मैंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले या भ्रष्ट लोगों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए. क्या यह पार्टी विरोधी गतिविधि है? अगर आप आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को टिकट देते हैं, तो आप पार्टी की छवि को कम कर रहे हैं. यह कभी भी पार्टी के हित में नहीं होगा.

## एनबीसीसी ने मनाया 150 वां स्थापना दिवस



**नई दिल्ली, 16 नवबंर.** स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुई, जो राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव का हिस्सा है. कार्यक्रम में एनबीसीसी के के.पी. महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सलीम अहमद, निदेशक (परियोजनाएं); डॉ. सुमन कुमार, निदेशक (वाणिज्य); अंजीव कुमार जैन, निदेशक (वित्त); सरकार द्वारा नामित निदेशक, संजीत और श्री रवि अरोड़ा; स्वतंत्र निदेशक, प्रो. भीमराव पंडा भोसले, राजीव कुमार, डॉ. दीपक सिंह, विशाल पुरी, रितु पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनबीसीसी, मंत्रालय व एनबीसीसी वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे. मनोहर लाल, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य और विद्युत मंत्री, तोखन साहू, माननीय राज्य मंत्री, शहरी कार्य मंत्रालय, श्रीनिवास कटिकिथला, सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने वर्चुअल जुड़े.

> दर्शकगणों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया. इस अवसर पर, कॉफी टेबल बुक पुन: रचना का विमोचन किया गया, जिसमें पुनर्निर्माण और नवोन्मेष को दर्शाया गया तथा एनबीसीसी की प्रमुख पुनर्विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित किया. यह प्रकाशन संपूर्ण भारत में एनबीसीसी की रूपांतरणकारी पुनर्विकास यात्रा का वृत्तांत प्रस्तुत करता है. स्व-संधारणीय मॉडल के तहत निष्पादित 7 जीपीआरए कॉलोनियों के पुनर्विकास के माध्यम से नई दिल्ली के शहरी परिदृश्य को नया रूप देने में इसके अभूतपूर्व योगदान पर प्रकाश डालता है.

## ट्रेलर-टैम्पो की टक्कर से छह लोगों की मौत

**जोधपुर, 16 नवंबर.** राजस्थान में जोधपुर के बालेसर थाना क्षेत्र में रविवार को ट्रेलर और टैम्पो की टक्कर में टैम्पो सवार छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। थानाधिकारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि गुजरात के बनासकांठा एवं धनसुरा के लोग टैम्पो से राजस्थान में रामदेवरा जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर खारी बेरी गांव के पास सुबह करीब पांच बजे अनाज की बोरियों से भरे एक ट्रेलर से टेम्पो टकरा गया। इस टक्कर में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों को बालेसर के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर के मथुरादास अस्पताल भेजा गया.

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक मशाल दौड़

### शहीदों को सम्मान, नशा-मुक्त भारत का संदेश



**श्रीनगर, 16 नवबंर. कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4,000 कि.मी. की मशाल दौड़ - मेरठ के धावक अंकुर का वीर शहीदों को सम्मान और नशा-मुक्त भारत का संदेश देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश लेकर मेरठ के एथलीट अंकुर ने 31 अक्टूबर 2025 को कश्मीर के श्रीनगर से कन्याकुमारी तक लगभग 4,000 किलोमीटर लंबी मशाल दौड़ की शुरुआत की है.**

इस पहल का उद्देश्य देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देना और नशा-मुक्त भारत का संदेश पूरे देश में पहुँचाना है. उन युवाओं को पूरा सहयोग देगा जो राष्ट्रहित में योगदान करने का जज्बा रखते हैं. अंकुर का साहस और उद्देश्य हमारे लिए प्रेरणादायक है, और हम आगे भी ऐसे प्रत्येक युवा का समर्थन करेंगे जो देश सेवा व सामाजिक सुधार के लिए तत्पर हों.

> यह मशाल दौड़ भारत के कई राज्यों और प्रमुख नगरों से गुजरते हुए अंतत: कन्याकुमारी तक पहुँचेगी, जहाँ इसका समापन होगा. देशभर में लोग इस मुहिम का समर्थन कर रहे हैं और इसे राष्ट्र जागरण के रूप में देख रहे हैं. अंकुर ने कहा—मुझे रास्ते में लोगों का जो प्यार और ऊर्जा मिल रही है, वही मेरी सबसे बड़ी ताकत है. यह दौड़ मैं देश के शहीदों को समर्पित करता हूँ, और मेरा संकल्प है कि हमारा भारत नशा-मुक्त बने. यदि यह प्रयास बनता है, तो यह पूरे देश की जीत होगी.

## सोनभद्र हादसे में खनन कंपनी के मालिक समेत 3 पर एफआईआर

**सोनभद्र, 16 नवंबर.** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर बड़ा खदान हादसा हुआ. अल सुबह करीब 3 बजे खनन के दौरान एक पहाड़ी का बड़ा हिस्सा अचानक टूटकर नीचे आ गिरा, जिससे मौके पर काम कर रहे लगभग डेढ़ दर्जन मजदूर मलबे के नीचे दब गए. हादसे में एक मजदूर की मौत की पुष्टि के बाद मृतक के भाई छोटू यादव की तहरीर पर ओबरा कोतवाली में माइनिंग कंपनी के मालिक समेत तीन लोगों के खिलाफ स्न्नद्धक्र दर्ज कराई गई है. हादसे के बाद भी घटनास्थल पर रेस्क्यू अभियान जारी है.

### एक नजर में



#### जापान में ज्वालामुखी में विस्फोट, उठे धुएं के गुबार

**टोक्यो, 16 नवंबर.** दक्षिण-पश्चिमी जापान के कागोशिमा प्रान्त में सकुराजिमा ज्वालामुखी में रविवार सुबह विस्फोट होने से 4,400 मीटर ऊपर तक धुएं का गुबार उठ रहा है. जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि मिनामिडके क्रेटर में विस्फोट होने से 4,000 मीटर ऊपर तक राख और धुएं का गुबार उठा. इसमें किसी के घायल होने और इमारतों को नुकसान पहुंचने की तत्काल कोई खबर नहीं है. ज्वालामुखी में विस्फोट को देखते हुए जेएमए ने कागोशिमा, कुमामोटो और मियाज़ाकी प्रान्त के कुछ हिस्सों में राख गिरने का पूर्वानुमान लगाया है. मौसम अधिकारियों ने ज्वालामुखी गतिविधि के अलर्ट स्तर को अपने पांच-बिंदु पैमाने पर तीन पर बनाए रखा है. गौरतलब है कि जापान के दक्षिण-पश्चिमी मुख्य द्वीप दक्षिणी क्यूशू के कागोशिमा खाड़ी में स्थित सकुराजिमा तीन चोटियों वाला एक सक्रिय ज्वालामुखी है.

#### उग्र प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प



**मैक्सिको सिटी, 16 नवंबर.** मैक्सिको की राजधानी मैक्सिको सिटी में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारों युवाओं ने सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया है. जेनरेशन जेड के बैनर तले आयोजित इस मार्च के दौरान कुछ स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में 120 लोग घायल हुए हैं. जानकारी के अनुसार इन घायलों में 100 पुलिसकर्मी शामिल हैं जिनमें से 40 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. लगभग 20 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है. ये विरोध प्रदर्शन हाल ही में देश में बढ़ती हिंसा और चर्चित हत्याओं के मद्देनजर किए गए. इनमें उरुअपन नगरपालिका के मेयर कार्लोस अल्बर्टो मंजो रोड्रिग्ज की डे ऑफ द डेड उत्सव के दौरान हुई गोलीबारी प्रमुख है. मेयर रोड्रिग्ज संगठित अपराध के मुखर आलोचक थे, जिसके चलते समर्थक बड़े पैमाने पर सड़कों पर उतरे और सरकार से अपराध रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की.

## गैर-परमाणु सिद्धांतों में होगा बदलाव

- जापान के प्रधानमंत्री सुरक्षा नीति में कर रहे विचार विमर्श



**टोक्यो, 16 नवंबर. जापान के प्रधानमंत्री अपने उन 3 गैर-परमाणु सिद्धांतों की समीक्षा करने पर विचार कर रहे हैं जो उसे परमाणु हथियार नहीं रखने, उसका उत्पादन नहीं करने और जापानी क्षेत्र में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देते हैं.**

जापान के प्रधानमंत्री के इस कदम से देश की सुरक्षा नीति में एक बड़े बदलाव का संकेत मिल रहा है. जापान के प्रधानमंत्री साने ताकाइची देश में लंबे समय से चले आ रहे उन तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों की समीक्षा करने पर विचार कर रहे हैं. क्योडो न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री के इस विचार से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवाद तय है. श्री ताकाइची जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और दो संशोधित दस्तावेजों को अद्यतन करते हुए तीसरे सिद्धांत को भी संशोधित करने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि वे परमाणु हथियारों को जापान के क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देते हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इस सिद्धांत में बदलाव किया जाता है तो यह देश की सुरक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इस पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवाद होना तय है.

गौरतलब है कि वर्ष 1967 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ईसाकु सातो ने देश की संसद डाइट में अपने तीन परमाणु सिद्धांतों की घोषणा करते हुए कहा था कि उनका देश अब न तो परमाणु हथियार रखेगा, न ही उनका उत्पादन करेगा और न ही जापानी क्षेत्र में परमाणु हथियारों के प्रवेश की अनुमति होगी. जापान में तब से इसे एक राष्ट्रीय सिद्धांत माना जाता है. वर्ष 1922 में कैबिनेट द्वारा जब राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अनुमोदित की गई, तब उस समय भी कहा गया, तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों का पालन करने की मूल नीति भविष्य में भी अपरिवर्तित रहेगी.

## अमित शाह उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे



**नई दिल्ली, 16 नवंबर. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 17 नवंबर (सोमवार) को हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे.**

उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ शामिल हैं. परिषद की इस बैठक में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे. यह बैठक अंतर-राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा सरकार की मेज़बानी में आयोजित की जा रही है. राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत उत्तरी क्षेत्रीय परिषद सहित 5 क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई है. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तरी क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष हैं और हरियाणा के मुख्यमंत्री इसके उपाध्यक्ष हैं. सदस्य राज्यों में से एक राज्य के मुख्यमंत्री, हर साल परिषद के उपाध्यक्ष होते हैं.


### आज का इतिहास

- **1526 –** मुगल शासक बाबर ने सिंध के रास्ते पांचवीं बार भारत में प्रवेश किया और इस बार यहां अपना शासन कायम करने में सफल रहा।
- **1869–** भूमध्यसागर को लाल सागर से जोड़ने वाली सोएज नहर को दस साल के निर्माण कार्य के बाद नौवहन के लिए खोला गया।
- **1915 –** विष्णु गोपाल पिंगले को पुणे के निकट तालेगांव जेल में फांसी पर लटकाया गया।
- **1928–** लाला लाजपत राय का निधन।
- **1932 –** तीसरा गोल मेज सम्मेलन शुरू हुआ।
- **1966–** भारत की रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड खिताब जीता।

### वैज्ञानिक खुलासा | वैज्ञानिकों ने जोड़ों के कार्टिलेज के पुनर्विकास के जिम्मेदार प्रमुख तत्व का पता लगाया

## मानव अंगों के पुनर्विकास की नई उम्मीद जगी

**नई दिल्ली, 16 नवंबर. अमेरिका के टेक्सास विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मानव शरीर में जोड़ों के कार्टिलेज (नरम हड्डियों यानी उप-अस्थि) के पुनर्विकास के जिम्मेदार एक प्रमुख तत्व का पता लगाया है जो अब मानव अंगों के पुनर्विकास के लिए उम्मीद की किरण बन सकता है.**



विश्वभर के विश्वविद्यालयों में किए जाने वाले नवीनतम वैज्ञानिक शोधों पर जानकारी जुटाने और उन्हें प्रकाशित करने वाली वेबसाइट फ्यूचुरिटी में हाल में ही प्रकाशित एक लेख के अनुसार टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय स्थित पशु औषधि एवं जैव चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के पशु चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान और औषधि विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर लिंडसे डॉसन और अन्य शोधकर्ताओं की टीम ने फाइब्रोब्लास्ट वृद्धि कारक तत्व की खोज की है. तंतुकोशिकाओं की वृद्धि करने वाला यह तत्व एक तरह का प्रोटीन है.

> यह टीम मानव अंगों के पुनर्विकास को संभव बनाने के लिए दिन-रात शोध में जुटी है. दशकों के वैज्ञानिक प्रयोगों ने मानव जाति को इस क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ा दिया है. उभयचर प्राणी की विशिष्ट प्राकृतिक क्षमता से टीम को इस शोध की प्रेरणा मिली है जिसमें उसके कुछ खराब अंक पुनर्विकसित हो जाते हैं. मैक्सिको में पाया जाने वाला एक्सोलोटल जैसा जीव अपने नष्ट हो चुके अंगों को फिर से विकसित कर सकता है.

## सीएम नीतीश ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों को बधाई दी

**पटना, 16 नवंबर.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर पत्रकारों को हार्दिक बधाई दी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में इस दिन को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है. कुमार ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह दिवस स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की उस समृद्ध परंपरा का प्रतीक है.



### फिर एक्टिव हुए नीतीश कुमार के बेटे निशांत

**नईदिल्ली.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत पूरे चुनाव अभियान के दौरान राजनीतिक मंच से पूरी तरह दूर रहे थे. लेकिन एनडीए की जबरदस्त जीत के बाद निशांत कुमार ने एक बार फिर से अपने पिता सीएम नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो मैं बिहारवासियों को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं. एनडीए को इतनी भारी बहुमत से जिताने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं. हमारी सरकार बनने जा रही है, इसके लिए बहुत बधाई.